MINISTRY OF EDUCATION
TE TĀHUHU O TE MĀTAURANGA

परिवारों/whānau को स्कूल/ कुरा के लिए दान के बारे में क्या जानने की आवश्यकता है

1 अगर आपका बच्चा **कक्षा 1 से 7 तक वाले स्कूल या कुरा** में पढ़ता है, तो संरक्षकों के स्कूल बोर्ड को **यह तय करना होगा कि उसे** सरकार की नई स्कूल के लिए दान योजना में शामिल होना चाहिए या नहीं।

2 अगर स्कूल बोर्ड इस योजना में शामिल होने **और** ओवरनाइट कैंप को छोड़कर किसी अन्य दान (उपहार/कोहा) के लिए आपसे नहीं कहने के लिए सहमत है, तो सरकार आपके स्कूल या कुरा को हर वर्ष प्रति विद्यार्थी $150 का भुगतान करेगी।

3 आप बोर्ड की उस मीटिंग में भाग लेने के लिए पूछ सकते हैं जहां वे चर्चा करेंगे कि योजना में शामिल होना है या नहीं।

स्कूल/कुरा के लिए दान योजनाएं

1 अगर आपका स्कूल/कुरा दान योजना में शामिल होता है:

» संरक्षक बोर्ड आपसे दान करने के लिए तब तक नहीं कह सकता **जब तक कि** यह दान ओवरनाइट **स्कूल/कुरा कैंप** के लिए न हो – और फिर आप यह **चुन** सकते हैं कि आप उनमें से किसी एक के लिए, कुछ के लिए या सभी के लिए दान का भुगतान करना **चाहते हैं या नहीं**। अगर आप दान नहीं करना चुनते हैं और यदि कैंप स्कूल के मुख्य शिक्षण कार्यक्रम (पाठ्यक्रम) का हिस्सा हो,तो आपके बच्चे को इसमें भाग लेने से नहीं रोका जा सकता है।

» आपसे किसी भी सामान्य या विशेष दान देने के लिए नहीं कहा जा सकता, उदाहरण के लिए, एक दिन की संग्रहालय की ट्रिप पर जाने के लिए दान या हाइकिंग ट्रैक पर फील्ड ट्रिप के लिए दान।

2 अगर आपका स्कूल/कुरा दान योजना में शामिल नहीं होता है:

» उन्हें अतिरिक्त वित्तपोषण प्राप्त नहीं होगा, इसलिए वे आपसे दान करने के लिए कह सकते हैं।

» आपसे किसी सामान्य या विशेष दान देने के लिए कहा जा सकता है (उदाहरण के लिए, एक दिन की संग्रहालय ट्रिप पर जाने के लिए दान या हाइकिंग ट्रैक पर फील्ड ट्रिप के लिए दान)। दान स्वैच्छिक है, और इसलिए आप यह **चुन** सकते हैं कि आप उनमें से किसी एक के लिए, कुछ के लिए या सभी के लिए दान का भुगतान करना **चाहते हैं या नहीं**। अगर आप दान नहीं करना चुनते हैं और अगर कैंप या फील्ड ट्रिप स्कूल के मुख्य शिक्षण कार्यक्रम (पाठ्यक्रम) का हिस्सा हो, तो आपके बच्चे को इसमें भाग लेने से नहीं रोका जा सकता है।

सभी माता-पिता/अभिभावक/whānau के लिए जानकारी कि आपका स्कूल/कुरा दान योजना में शामिल है या नहीं

» आपका स्कूल या कुरा "विषय शुल्क" सहित मुख्य शिक्षण कार्यक्रम (पाठ्यक्रम) में शामिल किसी भी चीज़ के लिए आपसे शुल्क नहीं ले सकता।

» आपका स्कूल या कुरा आपसे उन सामानों का भुगतान करने के लिए कह सकता है, जिन्हें वे वैकल्पिक तौर पर देते हैं (उदाहरण के लिए, कलम, दोपहर का खाना), लेकिन यह आप पर निर्भर है कि आप उन्हें स्कूल/कुरा से खरीदें या किसी दूसरी जगह से।

» अगर स्कूल या कुरा के लिए कोई यूनिफार्म है, तो आपको अपने बच्चे के लिए इसकी आवश्यकता होगी, लेकिन आप स्कूल/कुरा से, या उपलब्ध होने पर कहीं और से नया या सेकंड हैंड यूनिफार्म खरीद सकते हैं।

» स्कूल या कुरा से सामान या सेवाएँ लेने के लिए आप पर दबाव नहीं डाला जाना चाहिए, **लेकिन अगर आप सामान या सेवा लेने के लिए सहमत हैं, तो आपको इसके लिए भुगतान करना होगा।**

» अगर आपका बच्चा वीकेंड स्पोर्ट्स टीम में या क्लास खत्म होने के बाद सांस्कृतिक गतिविधियों (अतिरिक्त-पाठ्यक्रम गतिविधियां) में शामिल है, ये वैकल्पिक हैं। अगर आप अपने बच्चे का भाग लेना चुनते हैं, तो आपसे इन गतिविधियों की लागतों का भुगतान करने के लिए कहा जा सकता है।

» आप किसी भी समय अपने स्कूल या कुरा को स्वैच्छिक दान दे सकते हैं और अगर आप ऐसा करना चुनते हैं, तो दान पर GST नहीं लगेगा और आप टैक्स क्रेडिट का दावा कर सकते हैं।

राज्य एकीकृत स्कूल/कुरा के अटेंडेंस ड्यूज

» राज्य एकीकृत स्कूल, और राज्य एकीकृत कुरा के पास ठीक वैसे ही मुख्य शिक्षण कार्यक्रम होते हैं जैसा कि दूसरे स्कूल और कुरा (न्यूजीलैंड पाठ्यक्रम) के पास पास होते है, लेकिन उनके पास खुद का विशेष स्वरूप (आमतौर पर दार्शनिक या धार्मिक मान्यता) भी होता है।

» आपको राज्य एकीकृत स्कूल या कुरा के मालिक को अटेंडेंस ड्यूज का भुगतान करना होगा ताकि संपत्ति से संबंधित मामलों की लागत की भरपाई की जा सके – वे अनिवार्य हैं।

» अटेंडेंस ड्यूज को शिक्षा मंत्रालय की स्वीकृति के बिना नहीं बढ़ाया जा सकता।

दान स्वैच्छिक हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनके लिए कौन कहता है।

आपको कभी भी अपने स्कूल या कुरा को कोई दान नहीं देना है, लेकिन आप अपनी इच्छा से किसी भी समय कितना भी दान दे सकते हैं। अगर आपका स्कूल या कुरा दान योजना में शामिल होने का निर्णय लेता है, तो यह ओवरनाइट कैंप को छोड़कर किसी भी दूसरी चीज़ के लिए आपसे दान नहीं मांग सकता।

अगर आप भुगतान से संबंधित कोई सवाल पूछना चाहते हैं, तो अपने संरक्षक बोर्ड या अपने स्थानीय मंत्रालय कार्यालय से संपर्क करें। आप school.donations@education.govt.nz पर ईमेल के द्वारा कोई भी सवाल पूछ सकते हैं

अगर आपका स्कूल/कुरा दान योजना में शामिल होता है, तो आप क्या उम्मीद कर सकते हैं

जो स्कूल/कुरा दान योजना में शामिल नहीं हैं, वे माता-पिता से किसी भी उद्देश्य से दान करने को कह सकते हैं।

मुख्य बातें:

- ($)(✕) अगर मेरा स्कूल दान योजना में शामिल है, तो मुझे दान के लिए कहा जा सकता है, लेकिन मुझे भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।
- (✕)(✕) अगर मेरा स्कूल दान योजना में शामिल है, तो मुझे दान के लिए नहीं कहा जा सकता है और मुझे भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।
- ⇐($) अगर मैं इसे खरीदने के लिए सहमत हूं, तो मुझे इसका भुगतान करना होगा।

नामांकन

आइटम	आइटम की श्रेणी	
आवेदन शुल्क	अन्य	(✕)(✕)
नामांकन शुल्क	अन्य	(✕)(✕)
आउट-ऑफ-ज़ोन मतपत्र शुल्क	अन्य	(✕)(✕)
अनुबंध	अन्य	(✕)(✕)

नामांकन के लिए शुल्क गैरकानूनी है। क्योंकि नामांकन मुफ्त है, नामांकन प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी चीज़ के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा सकता।

कैंप, ट्रिप और आउटडोर शिक्षा

आइटम	आइटम की श्रेणी	
विशेष पाठ्यक्रम (उदाहरण - 12 वर्ष के बच्चों के लिए आउटडोर शिक्षा) के भाग के रूप में ओवरनाइट कैंप	पाठ्यक्रम	($)(✕)
सामान्य शिक्षा कार्यक्रम (पाठ्यक्रम) के भाग के रूप में ओवरनाइट कैंप (उदाहरण - 9 वर्ष के बच्चों के लिए ओरिएंटेशन कैंप, 7 वर्ष के बच्चों के लिए EOTC कैंप)	पाठ्यक्रम	($)(✕)
विशेष पाठ्यक्रम के भाग के रूप में फील्ड ट्रिप	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
सामान्य पाठ्यक्रम के भाग के रूप में ट्रिप/यात्रा	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
किसी वैकल्पिक इवेंट के लिए प्रभार/शुल्क (उदाहरण - शनिवार और रविवार को स्की ट्रिप, अतिरिक्त पाठ्यक्रम)	सामान और सेवाएँ	⇐($)

परिवारों और whānau से ओवरनाइट कैंप में रहने-सहने, खाने-पीने और यात्रा पर जाने-आने की लागतों हेतु योगदान देने के लिए कहना उचित है। इस तरह का अनुरोध दान के लिए होता है। परिवार और whānau पूरे खर्च और आंशिक खर्च के भुगतान करने या किसी भी खर्च का भुगतान नहीं करने का विकल्प चुन सकते हैं।

ICT

आइटम	आइटम की श्रेणी	
स्कूल/कुरा नेटवर्क तक पहुंच	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
स्कूल/कुरा हार्डवेयर का उपयोग	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
विद्यार्थियों/रंगाताही को टैबलेट, स्मार्टफोन, नेटबुक, लैपटॉप, क्रोम बुक्स (BYOD) जैसे डिवाइस देने की आवश्यकता	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
विद्यार्थियों/रंगाताही को सॉफ्टवेयर देने या सॉफ्टवेयर के लाइसेंस का भुगतान करने की आवश्यकता	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
विद्यार्थियों/रंगाताही को कैलकुलेटर देने की आवश्यकता	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
गैर-अनिवार्य हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर की खरीदारी	सामान और सेवाएँ	⇐($)

संगीत

आइटम	आइटम की श्रेणी	
ट्यूशन – पाठ्यक्रम से संबंधित	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
ट्यूशन - सामान्य शिक्षा कार्यक्रम (अतिरिक्त-पाठ्यक्रम) के अलावा वैकल्पिक	सामान और सेवाएँ	⇐($)
इंस्ट्रूमेंट का किराया – पाठ्यक्रम वितरण	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
इंस्ट्रूमेंट का किराया – वैकल्पिक (अतिरिक्त-पाठ्यक्रम)	सामान और सेवाएँ	⇐($)

कार्यक्रम और पाठ्यक्रम

आइटम	आइटम की श्रेणी	
अन्य भाषा बोलने वाले के लिए अंग्रेजी (ESOL)	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
रीडिंग रिकवरी और शिक्षण सहायता	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
हाई स्कूल के लिए "विषय का शुल्क"	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
विशेषज्ञ इकाइयाँ (उदाहरण - मोंटेसरी, एरोस्मिथ, टे रियो, सामोन भाषा)	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
अनुपूरक कार्यक्रम (उदाहरण - मैथलेटिक्स, एजुकेशन परफेक्ट)	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
स्टार पाठ्यक्रम	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
स्कूल कार्यक्रम के भाग के रूप में दिए जाने वाले तृतीयक स्तर के पाठ्यक्रम	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
तृतीयक पाठ्यक्रम (तृतीयक संस्थान में दोहरा नामांकन)	सामान और सेवाएँ	⇐($)
उपहार स्वरूप शिक्षा कार्यक्रम	सामान और सेवाएँ	⇐($)

एक दिवसीय स्कूलों की तरह स्कूल से बाहर अतिरिक्त कार्यक्रम को एक सामान/सेवा माना जाता है।
यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि भागीदारी स्वैच्छिक है, और इसके लिए शुल्क लिया जाता है।

राज्य एकीकृत स्कूल/कुरा

आइटम	आइटम की श्रेणी	
अटेंडेंस ड्यूज़ – ये अनिवार्य हैं	अन्य	⇐($)

पाठ्यक्रम सामग्रियां

आइटम	आइटम की श्रेणी	
मुख्य शिक्षण कार्यक्रम (पाठ्यक्रम) देने के भाग के रूप में उपयोग की जाने वाली सामग्रियां	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
माता-पिता द्वारा खरीदने के लिए सहमत होने पर घर ले जाने वाले सामान (उदाहरण - लेटरबॉक्स, कपड़ों वाले आइटम)	सामान और सेवाएँ	⇐($)

खाद्य तकनीक कक्षा के भाग के रूप में खाया जाने वाला खाना मुख्य शिक्षण कार्यक्रम (पाठ्यक्रम) का हिस्सा है – ऐसा इसलिए है क्योंकि विद्यार्थियों को अपने द्वारा बनाए गए खाने को चखने की आवश्यकता होती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके वे उपभोग (संवेदी मूल्यांकन) के लिए उपयुक्त हैं।

तैराकी

आइटम	आइटम की श्रेणी	
सामान्य पाठ्यक्रम (स्कूल/कुरा या ऑफ-साइट) के भाग के रूप में तैराकी	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
स्वैच्छिक गतिविधि (दोपहर के भोजन के समय या कक्षा के बाद) के रूप में तैराकी	सामान और सेवाएँ	⇐($)

वैकल्पिक गतिविधियां

आइटम	आइटम की श्रेणी	
नाटक या संगीत समूह (गैर-पाठ्यक्रम) का दौरा करना	सामान और सेवाएँ	⇐($)
वीकेंड स्पोर्ट्स टीम	सामान और सेवाएँ	⇐($)
कक्षा के बाद के समय/दोपहर के भोजन की संस्कृति या खेल गतिविधियाँ	सामान और सेवाएँ	⇐($)

स्कूल या कुरा के यूनिफार्म

आइटम	आइटम की श्रेणी	
स्कूल/कुरा यूनिफार्म की दुकान से स्कूल/कुरा यूनिफार्म	सामान और सेवाएँ	⇐($)

स्कूल और कुरा से यह उम्मीद नहीं की जाती कि वे स्कूल यूनिफार्म से कमाई करें – उन्हें सिर्फ उनकी लागतों का पुनर्भुगतान प्राप्त करना चाहिए।

संसाधन और स्टेशनरी

आइटम	आइटम की श्रेणी	
पाठ्यपुस्तक	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
कार्यपुस्तिकाएँ (अनिवार्य)	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
कार्यपुस्तिकाएँ (वैकल्पिक, जब माता-पिता खरीदारी के लिए सहमत हों)	सामान और सेवाएँ	⇐($)
मुख्य शिक्षा कार्यक्रम (पाठ्यक्रम उपयोग) के भाग के रूप में फोटोकॉपी करना/प्रिंट करना	पाठ्यक्रम	(✕)(✕)
फोटोकॉपी करना/प्रिंट करना (व्यक्तिगत और मुख्य कार्यक्रम शिक्षण के लिए आवश्यक नहीं, अतिरिक्त-पाठ्यक्रम उपयोग के लिए है)	सामान और सेवाएँ	⇐($)
स्टेशनरी (यदि अभिभावक विद्यालय/कुरा स्टेशनरी शॉप से खरीदने का निर्णय लेते हैं)	सामान और सेवाएँ	⇐($)

स्कूल और कुरा से यह उम्मीद नहीं की जाती कि वे स्कूल स्टेशनरी से कमाई करें – उन्हें सिर्फ उनकी लागतों का पुनर्भुगतान प्राप्त करना चाहिए।

परिचालानात्मक लागतें

आइटम	आइटम की श्रेणी	
हीटिंग, लाइटिंग और पानी	परिचालानात्मक	(✕)(✕)
साबुन, हैंड सेनिटाइज़र, टिशू पेपर	परिचालानात्मक	(✕)(✕)

बोर्ड परिचालानात्मक लागतों में योगदान के लिए परिवारों और whānau से नहीं कह सकते – ये लागतें स्कूल के परिचालानात्मक वित्तपोषण में शामिल होनी चाहिए, जिसका भुगतान शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

स्कूल/कुरा प्रकाशन

आइटम	आइटम की श्रेणी	
स्कूल/कुरा की पत्रिकाओं को खरीदना वैकल्पिक है	सामान और सेवाएँ	⇐($)

स्कूल/कुरा के इवेंट

आइटम	आइटम की श्रेणी	
स्कूल/कुरा बॉल	सामान और सेवाएँ	⇐($)

अगर विद्यार्थी इस तरह के इवेंट का टिकट खरीदते हैं, तो वे इनमें भाग ले सकते हैं। विद्यार्थियों को इस वजह से वैकल्पिक गतिविधियों में भाग लेने से नहीं रोका जाना चाहिए कि उनके परिवारों/whānau ने अन्य आइटम का भुगतान नहीं किया है। उदाहरण के लिए, स्कूल/कुरा को परिवार/whānau से स्पोर्ट्स की लागतों का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए, या परिवार/whānau द्वारा स्कूल बॉल का टिकट खरीदे जाने से पहले उन्हें स्कूल कैंप के लिए दान देने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।